महिला दिवस पर महिलाओं को वित्तीय बचत योजनाओं की जानकारी दी

<u>**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना</u>

सोहना से लगता गांव इंडरी में वित्तीय साक्षरता केन्द्र में महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय बचत के लिए प्रधानमंत्री योजना के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। मंगलवार को वित्तीय साक्षरता केन्द्र के तत्वाधान में इंडरी में महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर विभाग के मैनेजर पंकज कुमार, केन्द्र प्रबंधक उमर दीन तथा फिल्डकोडिनेटर पिंकी यादव सहित आस पास के गांवों से आई महिलाएं मौजूद थी। करीब दो घंटा तक चला कार्यक्रम में महिलाओं को प्रधानमंत्री बिमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री समृद्धि योजना के विषय में जागरुक किया। ताकि महिलाएं इन योजनाओं के तहत अपने आय बचत के लिए बैंकों में खाते खोल सके। जिससे योजना के तहत महिलाएं अधिक से अधिक लाभ ले सके। महिलाओं को सामुहिक बैंक बचत खाते से लेकर एकल बैंक खाते खोलने और उनमें पैसे जमा करके योजना के अनुसार वित्तीय लाभ लेने के विषय में बारिकी से जानकारी दी।

वित्तीय साक्षरता केन्द्र द्वारा इंडरी में मनाया गया महिला दिवस।

केआर मंगलम विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

सोहना। के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, आंतरिक शिकायत समिति और लिंग संवेदीकरण समिति के तत्वाधान में प्रणब मुखर्जी फाउंडेशन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। मंगलवार को केआर मंललम यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए प्रोफेसर और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने वाक्य में छात्रों को लैंगिक भेदभाव, बालिकाओं के लिए बनाए गए अधिकारों और दुनिया की हर लड़की का सम्मान करने के बारे में जागरूक किया । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, श्रीमती वंदना सिंह ने अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि इस दुनिया में हर लड़की कल्पना चावला और रानी लक्ष्मी बाई है जो दुनिया में लड़कियों के महत्व को बता रही है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, श्री अंशुमन कालरा और तनुश्री गुप्ता ने महिला स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन को प्रस्तुत किया। साथ ही, महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के बारे में सभी को जागरूक किया। इस वर्ष विश्वविधालय में एक सतत कल के लिए, लैंगिक समानता पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर बायोक्रेडेंस के संस्थापक श्री अंशुमन कालरा, ष्हर पल्सष् की संस्थापिका श्रीमती तनुश्री गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर पुष्पलता त्रिपाठी, रजिस्ट्रार महाजन एवं अन्य अतिथियों को कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।